# कुलसचिव कार्यालय
## लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ–226007

संदर्भ संख्या :........................................./सम्बद्धता अनु./2021

दिनांक :. ...............................................................

सेवा में,

प्रबन्धक/प्राचार्य,
लखनऊ विश्वविद्यालय से सहयुक्त समस्त महाविद्यालय,
(लखनऊ सीतापुर, हरदोई, लखीमपुर खीरी एवं रायबरेली)।

महोदय,

सूच्य है कि श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी के पत्र दिनांक 27.09.2021 द्वारा निर्देशित किया गया है कि "श्री राज्यपाल सचिवालय द्वारा विश्वविद्यालय को प्रेषित किये गये पत्रों के संदर्भ में महाविद्यालयों के प्राचार्य/प्रबन्धक द्वारा राज्यपाल सचिवालय को सीधे पत्राचार नहीं किया जाये।"

अतः समस्त सहयुक्त महाविद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि मा० श्री राज्यपाल सचिवालय के उपरोक्त निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाये और श्री राज्यपाल सचिवालय द्वारा विश्वविद्यालय को प्रेषित किये गये पत्रों के संदर्भ में विश्वविद्यालय को ही आख्या उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय

(डॉ० विनोद कुमार सिंह)
कुलसचिव

संख्या : 12/1016/21 दिनांक : 30.10.2021

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सचिव कुलपति को मा० कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
2. इंचार्ज, वेबसाईट, ल०वि०वि० को इस आशय से प्रेषित कि समस्त सहयुक्त महाविद्यालयों (लखनऊ सीतापुर, हरदोई, लखीमपुर खीरी एवं रायबरेली) को ई–मेल से प्रेषित करने एवं विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
3. गार्ड फाईल।

कुलसचिव